# लाड़ली बहनों के स्नेह से भावुक हुआ रक्षाबंधन पर्व



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्नेह और विश्वास से भरी राखियां बांधीं। इस आत्मीय अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की हर बहन के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और खुशहाली के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

ग्वालियर विमानतल पर लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री के माथे पर रोली का तिलक लगाकर राखी बांधी और लाडली बहना योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि प्रदान करने के लिए धन्यवाद पत्र भी भेंट किया। इस दौरान सीआईएसएफ में तैनात दो महिला सुरक्षा कर्मियों ने भी मुख्यमंत्री को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए कहा कि भाई-बहन का रिश्ता केवल पर्व तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह जीवनभर के विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर बहन के चेहरे पर मुस्कान हो, बेटियां सुरक्षित रहें और महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की प्रत्येक बहन उनके परिवार का हिस्सा है।

डॉ. यादव भिंड जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में गोदरेज की चौथी यूनिट के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान वे ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पहुंचे। यहां महाराष्ट्र निवासी रासकर अश्विनी और राजस्थान निवासी पूनम यादव ने भी मुख्यमंत्री को राखी बांधी। दोनों महिला सुरक्षा कर्मियों ने कहा कि इस अवसर पर उन्हें भाई के स्नेह का अनुभव हुआ।

# गौतम नगर के रहवासी क्षेत्र में संचालित होटल सील

## नोटिस के बाद भी व्यावसायिक गतिविधि जारी रखने पर नगर निगम ने की कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रहवासी क्षेत्रों में बिना अनुमति व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को वार्ड-58 के गौतम नगर स्थित एक होटल को सील कर दिया। निगम द्वारा पहले ही व्यावसायिक गतिविधि बंद करने का नोटिस जारी किया गया था, इसके बावजूद संचालन जारी रहने पर यह कार्रवाई की गई।

भवन स्वामी शुभेंदु उपाध्याय द्वारा रहवासी क्षेत्र में बिना आवश्यक अनुमति के आवासीय भवन में ओयो होटल संचालित किया जा रहा था। इस संबंध में नगर निगम ने पूर्व में नियम 11 के तहत अधिभोग में अतिक्रमण को लेकर सूचना पत्र जारी किया था। 24 अगस्त को मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 303 के अंतर्गत अंतिम सूचना पत्र जारी कर भवन को मूल स्वरूप में लाने और व्यावसायिक गतिविधि बंद करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी गतिविधियां जारी रहने पर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा, राजस्व शाखा और अतिक्रमण शाखा की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर तालाबंदी की कार्रवाई की। इस दौरान गोविंदपुरा पुलिस भी मौजूद रही।



**गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन** इधर, सीलिंग कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया। भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मिंटो हॉल परिसर में प्रार्थना सभा कर समस्याओं के समाधान की कामना की।

# जलभराव में स्कूल वैन उतारने वाले चालक पर मामला दर्ज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** देवास में विद्यार्थियों की जान जोखिम में डालने वाली घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापरवाह स्कूल वैन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना 25 अगस्त की है, जब देवास के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित रेलवे अंडरब्रिज में भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया था। पुलिस ने सुरक्षा के लिए मार्ग बंद कर बैरिकेड लगाए थे, लेकिन सिटी कॉन्वेंट स्कूल के मैजिक वाहन चालक ने बैरिकेड हटाकर वैन को पानी में उतार दिया। वाहन बंद होने के बाद चालक बच्चों को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय नागरिकों, डायल-112 और पुलिस की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर वाहन जब्त कर लिया है। वहीं सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर स्कूल संचालक के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रशासन ने स्कूल संचालकों को वाहनों की फिटनेस, परमिट और चालकों के सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

# त्यौहारों के अवसर पर सांस्कृतिक, धार्मिक और जनभागीदारी कार्यक्रमों की तैयारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** रक्षाबंधन, बलराम जयंती और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मध्यप्रदेश में विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने संबंधित विभागों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को आयोजन की तैयारियों के लिए निर्देश जारी किए हैं।

रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त को सामाजिक रिश्तों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए 'एक राखी एक संकल्प' और 'पेड़ को राखी-प्रकृति से भाईचारा' जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्कूलों में प्रकृति संरक्षण पर कहानी और चित्रकला प्रतियोगिताएं भी होंगी। बलराम जयंती 2 सितंबर को बलराम कृषि महोत्सव के तहत पारंपरिक कलाओं, आधुनिक कृषि उपकरणों, बीज और प्राकृतिक खेती से जुड़ी प्रदर्शनियों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को प्रदेशभर में उत्साह के साथ मनाई जाएगी। स्कूलों में मटकी प्रतियोगिता, बांसुरी वादन, झांकी निर्माण, भाषण और श्रीकृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष श्रृंगार, भजन, कीर्तन, सामूहिक आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। भोपाल में सात दिवसीय श्रीरासलीला समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री निवास में भी भक्ति गायन, लोकनृत्य और मटकी फोड़ कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों और प्राथमिक शालाओं में बच्चों के लिए विशेष पोषण एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। प्रदेश के गौशालाओं, छात्रावासों और आश्रम शालाओं में भी कृष्ण से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक को मिली नई मजबूती

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वदेशी मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम (एमसीपीएस) के सफल परीक्षण पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे रक्षा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लगातार साकार हो रहा है। भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान (डीआरडीओ) द्वारा विकसित एमसीपीएस का लद्दाख के न्योमा में माइनस 15 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच 22 हजार फीट की ऊंचाई से सफल परीक्षण किया गया। पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार यह सिस्टम भारतीय सेना की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में क्षमता को और मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर केन्द्र सरकार और डीआरडीओ को बधाई दी।

# ओंकारेश्वर के एकात्मधाम में पंचायतन मंदिर का शिलान्यास आज

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संत रहेंगे उपस्थित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पवित्र नगरी ओंकारेश्वर स्थित मान्धाता पर्वत पर विकसित हो रहे एकात्म धाम में 27 अगस्त को भव्य पंचायतन मंदिर के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संत मंडल और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में मंदिर निर्माण का शुभारंभ होगा।समारोह में वैदिक अनुष्ठान और शिला पूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूज्य संतों और जनप्रतिनिधियों द्वारा 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। पंचायतन मंदिर आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित समन्वय परंपरा पर आधारित होगा। मंदिर के केंद्र में भगवान शिव का मुख्य देवालय होगा, जबकि चारों दिशाओं में भगवान विष्णु, सूर्य, गणेश और भगवती शक्ति के उप-देवालय स्थापित किए जाएंगे। मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया जा रहा है। इसमें 100 नक्काशीदार स्तंभ, भव्य



तोरण द्वार और 26 फीट व्यास का विशाल कलात्मक गुंबद होगा। मंदिर 16 फीट ऊंचे आधारभूत अधिष्ठान पर निर्मित होगा और इसमें 121 कलश लगाए जाएंगे। निर्माण में 80 हजार घन फीट नक्काशीदार गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। एकात्म धाम का उद्देश्य आचार्य शंकर के अद्वैत दर्शन और सांस्कृतिक एकता के संदेश को आगे बढ़ाना है। परियोजना के प्रथम चरण में 108 फीट ऊंची एकात्मता की मूर्ति स्थापित की जा चुकी है।

# आश्वासनः कुक्कुट विकास निगम के संविदाकर्मियों को नहीं हटाया जाएगा

## अन्य इकाइयों में आवश्यकता अनुसार सेवाओं का उपयोग करने के निर्देश जारी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कुक्कुट विकास निगम के संविदाकर्मियों को सेवा से नहीं हटाया जाएगा। संविदा कर्मचारियों को निगम की अन्य इकाइयों में आवश्यकता अनुसार समायोजित किया जाएगा। इस संबंध में कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बघेल ने प्रबंध संचालक को निर्देश जारी किए हैं।

मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में कुक्कुट विकास निगम के संविदाकर्मियों ने निगम अध्यक्ष केशव सिंह बघेल से मुलाकात कर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि नियमों के विपरीत कार्यरत किसी भी संविदाकर्मी को सेवा से पृथक न किया जाए तथा लंबे समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के हितों की रक्षा की जाए। संविदाकर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निगम अध्यक्ष ने प्रबंध संचालक को पत्र लिखकर निर्देश दिए कि तरल नत्रजन संयंत्रों में कार्यरत संविदाकर्मियों की सेवाओं का निगम की अन्य इकाइयों में आवश्यकता के अनुसार उपयोग किया जाए और किसी भी कर्मचारी को सेवा से पृथक न किया जाए। निगम अध्यक्ष के इस निर्णय से संविदाकर्मियों में खुशी और संतोष का माहौल है। कर्मचारियों ने केशव सिंह बघेल का आभार व्यक्त करते हुए इसे संविदाकर्मियों के हित में सकारात्मक निर्णय बताया। रमेश राठौर ने कहा कि संविदाकर्मी लंबे समय से निगम की विभिन्न इकाइयों में सेवाएं दे रहे हैं और निगम के कार्य संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी सेवाओं का अन्य इकाइयों में उपयोग किया जाना स्वागत योग्य कदम है।

# मिलावट की आशंका में 114 किलो मिठाई जब्त

**नप्र, भोपाल :** रक्षाबंधन पर्व से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत भोपाल के सीहोर रोड स्थित सांई बाबा ट्रेडिंग से 114 किलो मिठाई जब्त की गई है। विभाग की टीम ने मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

**▶▶ रक्षाबंधन से पहले खाद्य एवं औषधि विभाग ने लिए नमूने, जांच के लिए भेजे लैब**

खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने बुधवार को सांई बाबा ट्रेडिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान अलग-अलग प्रकार की मिठाइयां जब्त की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत 22 हजार 800 रुपये बताई गई है। जब्त मिठाइयों में नंदी स्वीट हलवा 27 किलो, कृष्णा हलवा 27 किलो, गोपाल स्वीट्स बर्फी 30 किलो और कृष्णा डिलिशियस स्वीट 30 किलो शामिल हैं। विभाग के अनुसार, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत खाद्य पदार्थों के विधिवत नमूने लिए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कृष्णा डिलिशियस स्वीट के पैकेट पर निर्माता द्वारा सामग्री में मिल्क सॉलिड, शुगर, वनस्पति और रिफाइंड पामोलिन ऑयल का उल्लेख किया गया था। विभाग ने बताया कि खाद्य पदार्थों की वास्तविक गुणवत्ता और मानक अनुरूपता का निर्धारण प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही किया जाएगा।

# फार्मासिस्टों की मांगों के निराकरण का उप मुख्यमंत्री से अनुरोध

## नए सेवा नियम लागू करने सहित कैडर पुनर्गठन और पदोन्नति के मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में कार्यरत फार्मासिस्टों की न्यायसंगत मांगों के त्वरित निराकरण को लेकर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्रालय में उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल से मुलाकात की।

इस दौरान फार्मासिस्टों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर एवं प्रदेश मंत्री तथा स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक राजन नायर ने किया।

बैठक में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह कुशवाहा, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के राजपत्र में 10 जून 2026 को अधिसूचित फार्मासिस्ट भर्ती, सेवा एवं विनियम के नए प्रावधानों को मध्य प्रदेश में शीघ्र लागू करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इससे फार्मासिस्टों के कैडर पुनर्गठन, पदोन्नति, सेवा शर्तों में सुधार और शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। बैठक में फार्मासिस्टों के ग्रेड पे उन्नयन, पदनाम बदलकर फार्मेसी ऑफिसर करने सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए नियमों के अध्ययन और राज्य में शीघ्र लागू कराने के संबंध में विभाग के प्रमुख सचिव की उपस्थिति में अगली बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

# रक्षा बंधन पूर्व कर्मचारियों को वेतन भुगतान की मांग

**नप्र, भोपाल :** सेमी गर्वमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन के संयोजक अनिल बाजपेई एवं अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी सार्वजनिक उपक्रम संघ के प्रांताध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि भाई बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन इस बार महा के अंत में 28 अगस्त को पड़ रहा है जिसकी वजह से रक्षा बंधन का त्यौहार मनाने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है अत: वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई एवं अरुण वर्मा ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि रक्षा बंधन त्यौहार के पूर्व कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाए साथ ही महिलाओं के लिए रक्षा बंधन भुजरिया तक नि: शुल्क बस यात्रा सुविधा प्रदान की जाए।

**संबोधन** *भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान*

# मोर्चों की बैठकों में दिए संगठन विस्तार के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा, किसान मोर्चा और युवा मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चे संगठन को मजबूत करने के साथ केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहब के विचारों और संविधान के प्रति सम्मान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने संत



रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान का उल्लेख किया।

किसान मोर्चा की बैठक में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को किसान वर्ष घोषित किया है। किसान मोर्चा किसानों की आवाज बनकर संगठन और सरकार के बीच मजबूत कड़ी का कार्य करे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से किसानों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

युवा मोर्चा की बैठक में उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। कार्यकर्ता तथ्यों और उपलब्धियों के साथ युवाओं तक पहुंचें तथा उन्हें संगठन और सरकार के कार्यों की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। बैठकों में संबंधित मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे के कारोबार पर मध्य प्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिछले एक सप्ताह में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 5 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और अन्य संपत्ति जब्त की है। पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। रतलाम जिले में पुलिस ने एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा सहित करीब 3 करोड़ 4 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। इसमें 2.495 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 106.47 किलोग्राम डोडाचूरा और अन्य मादक पदार्थ शामिल हैं।

छिंदवाड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 320.8 किलोग्राम गांजा, हथियार, कारतूस, मोबाइल फोन और नकदी सहित करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया।

नीमच में पुलिस ने डोडाचूरा और एमडी ड्रग्स सहित करीब 58.50 लाख रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए। उज्जैन, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, ग्वालियर, इंदौर, पन्ना, कटनी और मंदसौर में भी पुलिस ने गांजा, चरस, स्मैक और डोडाचूरा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल आरोपियों, परिवहन साधनों और नेटवर्क के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com